Name		Roll Number	

SET B

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
ANNUAL EXAMINATION 2019-2020
HINDI (THIRD LANGUAGE)

Code: MXHN306

CLASS: VI　　Time Allotted: 2 Hrs.

11.03.2020　　Max. Marks: 80

प्रश्न　　**Marks**

प्रश्न 1 किसने किससे कहा। **½x4=2**

(क) "सर, मैं घर जा सकता हूँ ?"

(ख) "शायद किसी व्यापारी ने घाटी में मांस के टुकड़े फ़ेंके होंगे, ताकि कुछ हीरे उसमें चिपक जाएँ।"

प्रश्न 2 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर सही ✓ या गलत X का चिह्न लगाइए। **1x3=3**

(क) पापा चाय पीते हुए अखबार पढ़ते हैं।

(ख) दीपू बार-बार हाथ में बँधी घड़ी देख रहा था।

(ग) सिंदबाद ने उन व्यापारियों को शेर और चूहे की कहानी सुनाई।

प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर सही उत्तर चुनकर लिखिए। **1x3=3**

(क) दादी को अखबार पढ़कर कौन सुनाता है?

(i) पोती　(ii) पोता　(iii) दादाजी　(iv) पिताजी

(ख) निम्मो क्या लेकर आई?

(i) खाट　(ii) खीर का कटोरा　(iii) पानी का गिलास　(iv) चाय और बिस्कुट

(ग) सिदंबाद पेड़ से उतरकर कहाँ जा पहुँचा?

(i) घाटी के पास　(ii) गुंबद के पास　(iii) टापू के पास　(iv) पहाड़ के पास

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **1x4=4**

(क) सारे बच्चे ____________ मचाने लगे।

(ख) सिंदबाद एक बहुत ही ____________ और ____________ आदमी था

(घ) अपने देश और ____________ का हाल बता जाता अखबार।

प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **1x4=4**

(क) फल　(ख) कहानी　(ग) अफ़सर　(घ) घोषणा

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए । **1x8=8**

(क) कथा　(ख) ढेरों　(ग) बासी　(घ) दुनिया

(ङ) द्वार　(च) संग　(छ) भोर　(ज) ऐनक

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। **2x5=10**

(क) सिंदबाद कहाँ रहता था?
(ख) रॉक पक्षी सिंदबाद को कहाँ ले गया?
(ग) किस तरह का अखबार सबको अच्छा लगता है?
(घ) छुट्टी के दिन अखबार में क्या-क्या आता है?
(ङ) निम्मो पढ़ाई में कैसी थी?

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (only 2) **3x2=6**

(क) हम किन साधनों से सूचना प्राप्त कर सकते हैं? हिंदी के दो प्रमुख समाचारपत्रों के नाम लिखिए।
(ख) 'सिंदबाद' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है?
(ग) दीपू ने वजीफ़ा मिलने का श्रेय किसे दिया और क्यों?

प्रश्न 9 निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **1x2=2**

(क) मैं (ख) तुम्हारा

प्रश्न 10

(क) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए **1x2=2**

(i) लड़का (ii) औषधि

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए । **1x2=2**

(i) उसकी <u>दुकान</u> बड़ी है।
(ii) <u>छात्रा</u> पाठशाला गई।

प्रश्न 11

(क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए। **1x2=2**

(i) नानाजी अखबार पढ़ते हैं।
(ii) हरीश बस से गाँव जाएगा।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में खाली स्थानों की पूर्ति उचित क्रिया शब्दों से कीजिए। **1x3=3**

(i) मीरा गुड़िया से __________________ ।
(ii) लड़की ने खाना __________________ ।
(iii) नौकर काम __________________ ।

प्रश्न 12

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्दों को पहचानकर लिखिए। **1x2=2**

(i) मोहन दुकान से दस कलमें खरीदकर लाया।
(ii) पेड़ पर रंग-बिरंगी चिड़ियाँ बैठी हैं।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विशेषण शब्दों से कीजिए। **1x3=3**

(i) मुझे ___________ पानी पीना है।
(ii) मेरी बहन के पास _____________ कार है।
(iii) वह आदमी _____________ है।

प्रश्न 13

(क) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। **1x3=3**

(i) बारत (ii) परीचय (iii) . ग्रहकार्य

(ख) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। **1x2=2**

(i) हमको पाठशाला जाना है।

(ii) इस गरम पानी में गिलास दो।

प्रश्न 14

(क) **निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिए।** **1x2=2**

(i) रोशन अपने पिताजी की देखभाल करेगा।

(ii) सुहानी वह किताब पढ़ेगी।

(ख) **निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी भाषा में अनुवाद कीजिए।** **1x2=2**

(i) We will go to market.

(ii) He will wirte a poem.

प्रश्न 15 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

ढोलू और मोलू दो भाई थे। दोनों खूब खेलते, पढ़ते और कभी-कभी खूब लड़ाई भी करते। एक दिन दोनों अपने घर के पीछे खेल रहे थे। वहाँ एक कमरे में बिल्ली के तीन छोटे-छोटे बच्चे थे। बच्चों की माँ बिल्ली कहीं बाहर गई हुई थी। वे तीनों कमरे में अकेले (alone) थे। उन्हें भूख लगी थी इसलिए वे ज़ोर-ज़ोर से रो रहे थे। दोनों भाइयों ने बिल्ली के बच्चों की आवाज़ सुनी तो वे अपने दादाजी को बुलाकर लाए। दादाजी ने बिल्ली के बच्चों को खाना खिलाया तथा एक कटोरी में दूध भी पिलाया तो बिल्ली के बच्चों की भूख (hunger) शांत हो गई। अब वे तीनों आपस में खेलने लगे। यह देखकर ढोलू-मोलू बोले- बिल्ली के बच्चे बच गए। फिर दादाजी ने उन्हें शाबाशी दी।

प्रश्न

(क) दोनों भाइयों ने बिल्ली के बच्चों की आवाज़ सुनकर क्या किया ? **1**

(ख) बिल्ली के कितने बच्चे थे ? **1**

(ग) बिल्ली के बच्चों की भूख कैसे शांत हुई ? **1**

(घ) दोनों भाइयों के नाम क्या थे ? **1**

(ङ) दिए गए शब्दों के पुल्लिंग (masculine) शब्द उपर्युक्त गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए। **½x2=1**

(i) बहन (ii) दादीजी

प्रश्न 16 निम्नलिखित विषयों में से किसी भी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में निबंध लिखिए। **10**

(क) व्यायाम से लाभ **(ख)** पेड़ों का महत्व **(ग)** मेरा परिवार **(घ)** भारत का राष्ट्रीय पक्षी - मोर

End of the question paper.